प्रेस विज्ञप्ति
गणेश चतुर्थी पर यातायात व्यवस्था

दिनांकः-30.08.2022

प्रति वर्ष की भांति दिनांक 31.08.2022 को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर गणेश मंदिर (गणेश भाखरी), सोजती गेट गणेश मंदिर, महाराष्ट्र समाज शास्त्रीनगर, अमरनाथ महादेव मंदिर व गणेश मंदिर किला रोड पर मेला संचालित होगा। मेले में काफी दर्शनार्थियों की सम्भावना एवं वाहनों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए मेले के दौरान दोपहर 02.00 बजे से यातायात की निम्न व्यवस्था रहेगीः-

1. भाटिया चौराहा से सर्किट हाऊस वाली मुख्य सड़क पर कोई भारी वाहन नहीं जायेगा तथा गणेश मंदिर की तरफ ऊपर किसी प्रकार का कोई वाहन नहीं जायेगा।
2. भारी वाहनों को सर्किट हाऊस से ताराचन्द सर्किल होते हुए पुलिस लाईन व शिवमंदिर चौराहे से लोको रोड़ की तरफ निकालने की व्यवस्था होगी।
3. जालोरी गेट से नई सड़क चौराहा तक भारी वाहनों का यातायात संचालन नहीं होगा। उक्त वाहन जालोरीगेट से ओलम्पिक तिराहा, खतरनाक पुलिया, जे.डी.ए. सर्किल होकर जायेंगे।

(चैनसिंह महेचा)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर